# महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली
# MAHATMA JYOTIBA PHULE ROHILKHAND UNIVERSITY, BAREILLY

पत्रांकः रू.वि. / प्र.प.प्र. / 2023 / 1705-14 दिनांकः 27.10.2023

## सूचना

सूच्य है कि **एम.एड.** एवं **एलएल.एम.** पाठ्यक्रम हेतु पूर्व में निर्गत पत्र संख्या रू.वि. / प्र.प.प्र. / 2023 / 1685–94 दिनांक 13.09.2023 द्वारा प्रवेश परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों से प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करने की तिथि 03 अक्टूबर, 2023 निर्धारित की गयी थी।

उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि छात्रहित के दृष्टिगत एम.एड. एवं एलएल.एम. प्रवेश हेतु निर्धारित प्रवेश की तिथि 03 अक्टूबर, 2023 तक केवल प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित ऐसे अभ्यर्थी, जिन्होंने सम्बन्धित महाविद्यालय में प्रवेश हेतु आवेदन किया है तथा किसी कारणवश उनकी प्रवेश सम्बन्धी औपचारिकतायें पूर्ण नहीं हो पायी हैं, को एक अवसर प्रदान करते हुये महाविद्यालयों को यह सूचित किया जाता है कि एम.एड. एवं एलएल.एम. पाठ्यक्रम में रिक्त सीटों के सापेक्ष प्रवेश सम्बन्धी समस्त औपचारिकतायें दिनांक 04 नवम्बर, 2023 तक अवश्य पूर्ण कर लें।

अतः पूर्व में निर्धारित प्रवेश प्रक्रिया के अन्तर्गत एम.एड. व एलएल.एम. पाठ्यक्रम में दिनांक 04 नवम्बर, 2023 तक प्रवेशित अभ्यर्थियों का विवरण विश्वविद्यालय की ई–मेल (entrancecell@mjpru.ac.in) पर दिनांक 06 नवम्बर, 2023 तक तथा हार्डकॉपी (अभ्यर्थियों का प्रवेश परीक्षाफल सहित) दिनांक 08 नवम्बर, 2023 तक अधोहस्ताक्षरी को आवश्यक रूप से उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करेंगे। किसी भी दशा में निर्धारित तिथि के उपरान्त महाविद्यालय द्वारा किये गये प्रवेश को अनुमन्य नहीं किया जायेगा।

/

कुलसचिव

**प्रतिलिपि**– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. प्रमुख समन्वयक–प्रवेश परीक्षा।
2. संकायाध्यक्ष / विभागाध्यक्ष– विधि / शिक्षा, विश्वविद्यालय परिसर, बरेली।
3. समस्त प्राचार्य / प्राचार्या, एलएल.एम. / एम.एड. महाविद्यालय, सम्बद्ध महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली।
4. डा0 अमित सिंह, मीडिया प्रभारी को इस आशय से प्रेषित कि कृपया उपर्युक्त सूचना को दैनिक समाचार पत्रों में छात्रहित में निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
5. परीक्षा नियंत्रक।
6. उपकुलसचिव–परीक्षा।
7. श्री रविन्द्र कुमार गौतम, प्रभारी वेबसाइट को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उक्त सूचना अपलोड करने हेतु।
8. निजी सचिव–कुलपति, को कुलपति महोदय के सूचनार्थ।
9. वैयक्तिक सहायक–कुलसचिव।

27/10/23

कुलसचिव